हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

06 अतिथि शिक्षक बोले- अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित हैं...



07 अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण न करें...





## खबर संक्षेप

### पीएम फसल बीमा योजना के तहत शीघ्र ही आवेदन करें

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 02 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक मर्यादित तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं और फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### ई-रेशम पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिला रेशम कार्यालय के क्षेत्रान्तर्गत विगागीय मलबरी रेशम उत्पादन के लिए कृषक योजनान्तर्गत ई-रेशम पोर्टल https://cresham.mp.gov.in पर योजना के प्रावधानों का पठन कर उपयुक्त होने की स्थिति में आवेदन निर्धारित समयावधि में दर्ज करा सकते है। उप संचालक रेशम श्री योगेश कुमार परमार ने बताया कि दर्ज आवेदनों पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार चयन उपरांत प्रथकतः सूचित किया जावेगा। चयन पत्र जारी होने के पूर्व कृषक विभागीय योजनान्तर्गत किसी भी हित/लाभ के दावेदार नहीं होंगे।

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नम्बर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता (एनपीसीआई) लिंक होना अनिवार्य है।

**स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़त :** नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा-अब देश में नगर को नंबर वन बनाने की तैयारियां शुरू

# 50 हजार से 3 लाख की कैटेगिरी में सीहोर नपा ने देश में 50 से छठवें पायदान पर लगाई छलांग

पहले हम देश में 67वें स्थान पर थे, लेकिन अब हमने देश में दूसरा स्थान पाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पिछले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को जारी हुए है। स्वच्छता सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण अलग-अलग स्तर पर किया गया था। इसमें ऑनलाइन और भौतिक सत्यापन, टीम का सर्वे और नागरिकों के फीडबैक भी शामिल थे।

सीहोर शहर की रैंकिंग में सुधार हुआ है और देश में स्वच्छता के मामले में छठवा और नगर पालिकाओं की तालिकाओं में दूसरा स्थान के साथ प्रदेश का प्रथम स्थान हासिल किया है। जिम्मेदार शहरवासियों के सहयोग से इस बार देश में नगर पालिका ने स्वच्छता के साथ अन्य बुनियादी समस्याओं का समाधान किया और 3 स्टार रेटिंग के साथ वाटर प्लस सीहोर को हासिल हुआ है।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित सीएमओ और पार्षदों के अलावा क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई और बधाई दी है। गुरुवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि स्वच्छता मित्रतों की मेहनत के अलावा शहर वासियों की जागरूकता के कारण रैंकिंग में सुधार हुआ है। हम सभी के प्रयासों से आने वाले दिनों में शहर को नंबर एक बनाने के लिए मिलकर का करना होगा। नगर पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कवायदों को शुरू कर दिया गया था, उसका परिणाम है कि हमारे इस संकल्प में समस्त पार्षद, नगर पालिका का अमला और क्षेत्रवासियों का साथ मिला है। जिससे हम स्वच्छता के इस मापदंड में आगे है और हमारा सबका सामूहिक प्रयास रहेगा, शहर महानगर की तर्ज पर विकास करें।



### कचरा गाडियों के घर- घर जाकर कचरा कलेक्शन

कचरा गाडियों के घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन करने से लेकर कूड़ाघर और नालियों की नियमित सफाई का क्रम अनवरत जारी रहा। इसके अलावा सैकड़ाखेड़ी मार्ग, पुराना हाईवे, टाउनहाल के सामने, नदी चौराहा आदि स्थानों को युद्धस्तर तरीके से सुंदर बनाने के सकारात्मक प्रयास किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने का निरंतर विशेष सफाई अभियान चला रहे। काम नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



आगामी समय में व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार कर काम किया जाएगा। नगर पालिका स्वच्छता प्रभारी का कहना कि हमने लक्ष्य बनाया है, जिस पर हम लगे हुए थे, गत वर्ष हमारी रैंकिंग 50 वें स्थान पर थी सभी समाजसेवियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया था। जो जरूरी मापदंड होते हैं, उन पर कार्य किया। चारों तरफ कार्य चल रहे हैं, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

### देश में नगर को नंबर वन बनाने की तैयारियां शुरू

वहीं नगर पालिका के सीएमओ सुधीर कुमार ने कहाकि देश में नगर को नंबर एक आने के लिए आज से ही तैयारियों को शुरू करना होगा, स्वच्छता एक दिन का काम नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं, स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह अपना लो कि वह आपकी आदत बन जाए। सभी दरोगा एवं और टू डोर चालकों को सफाई के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अब शहर में कोई भी कचरा सड़क पर या नाली में डालते पकड़ा गया तो संबंधित के विरुद्ध अर्थदण्ड की चालानी कार्यवाही स्थल पर ही सफाई दरोगा द्वारा की जायेगी। दो से तीन वार एक ही व्यक्ति के विरुद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही होती है तो ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध न्यूसेस की धारा 133 के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की और कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार कर भेजा जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निर्माणधीन कार्यों का मटेरियल सड़क किनारे इक_ा ना करे। कार्यपूर्ण होने पर पूर्ण सफाई की जवाबदारी निर्माणधीन व्यक्ति की होगी अन्यथा चालानी अर्थ दण्ड कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका सीहोर द्वारा सभी सम्मानीय नागरिकों से आग्रह है कि आपने घरो का कचरा सड़क पर या नाली में नहीं डाले केवल डोर टू डोर वाहन में ही कचरा डाले आपका एक कदम नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकता है।

# यह गलत बात है: वार्ड 22 में घूड़े की सफाई के बाद आमजन ने फिर से डाल दिया कचरा

**हरिभूमि वार्ड स्कैन के बाद पार्षद विशाल राठौर ने स्वयं की मौजूदगी घूड़े की कराई थी साफ-सफाई**



**सीहोर।** नपा ने घूड़े की कुछ दिन पहले ही जेसीबी से कराई थी सफाई।



**सीहोर।** लोगों ने फिर डाला घूड़े पर कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा वार्ड स्कैन की शुरुआत की गई है। वार्ड स्कैन में जहां पार्षदों द्वारा कराए गए अच्छे विकास कार्यों को प्रकाशित किया जा रहा है तो साथ ही खामियों को भी उजागर किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिनों शहर के मण्डी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 में स्कैन कर समस्याओं को उजागर किया था। इसमें सबसे बड़ी समस्या जागरुक नागरिकों द्वारा सीहोर-श्यामपुर रोड पर घूड़े की बताई गई थी। हरिभूमि स्कैन के दौरान आमजनों ने बताया था कि करीब 40 साल हो गए यहां निवास करते हुए, तभी से सीहोर-श्यामपुर रोड पर यह घूड़ा परेशानी का कारण बना हुआ है। घूड़े की वजह से यहां से गुजरने वाले राहगीरों को जहां बदबूदार माहौल का सामना करना पड़ता है, वहीं घूड़े के आसपास निवास करने वाले लोगों, दुकानदारों में भी बीमारियों का अंदेशा बना रहता है। हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा वार्ड 22 की इस समस्या को प्रकाशित कर पार्षद का ध्यान आकर्षित कराया गया था। खबर प्रकाशन के अगले ही दिन वार्ड पार्षद विशाल राठौर (प्रतिनिधि) द्वारा स्वयं की मौजूदगी में नगर पालिका अमले व जेसीबी की मदद से घूड़े को पूरी तरह से साफ करवा दिया गया था।

गैर जिम्मेदारी

### नागरिकों का गैर जिम्मेदाराना रवैया

यहां यह उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 22 में सीहोर-श्यामपुर रोड सहित वार्ड की गलियों में डोर टू डोर कचरा वाहन प्रतिदिन जाता है। बावजूद वार्ड के कुछ नागरिकों द्वारा गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए साफ हुए घूड़े पर फिर से कचरा डाला जा रहा है।

वार्ड के कुछ जागरुक नागरिकों ने बताया कि वार्ड के आसपास कई दुकान व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनकी मदद लेकर घूड़े पर कचरा डालने वाले लोगों की पहचान कर शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित किया जाना चाहिए, ताकि अन्य लोग सबक ले सके।

## 17.5 इंच बारिश: पिछले साल से 6.1 इंच ज्यादा, वॉटरफॉल में एंट्री पर लगा रोक



**सीहोर।** इस साल 21 जून से अब तक 17.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। ये पिछले साल की इसी अवधि में हुई 1.4 इंच बारिश से ज्यादा है। पिछले 24 घंट में अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रहा। श्यामपुर में सबसे ज्यादा 1.77 इंच बारिश दर्ज की गई। बुधनी में 1.48 इंच, भेरूंदा में 0.24 इंच और सीहोर में 0.09 इंच गिरा पानी।

**झोलियापुर नाला-कोलार डैम में डूबकर 5 की हुई थी मौत :** प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर जिले के प्रमुख वॉटरफॉल और जलाशयों में सैलानियों के प्रवेश पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद रेहटी के पास झोलियापुर नाला और कोलार डैम में डूबने से इस सप्ताह पांच लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन ने अब कई स्थानों पर बेरीकेड्स लगाए हैं और सुरक्षा बल तैनात किए हैं।

**बारिश जारी रहने की संभावना :** शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार, बादल छाए हुए हैं। कम दबाव का क्षेत्र, साइक्लोनिक सरकुलेशन सिस्टम और टर्फ लाइन सक्रिय होने से आगे भी बारिश जारी रहने की संभावना है।

# पोषण ट्रैकर ऐप पर कैप्चर नहीं हो रहा फेस, खड़ी हुई पोषण आहार की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच कुपोषण का खतरा बढ़ता जा रहा है, और इसके पीछे महिला बाल विकास विभाग की तकनीकी गड़बड़ी का हाथ है। पोषण ट्रैकर ऐप में आ रही समस्याओं के कारण महिलाओं को उनका टेक होम राशन नहीं मिल पा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

पोषण ट्रैकर ऐप में तकनीकी एरर के चलते कई महिलाएं अपनी पात्रता के बावजूद राशन प्राप्त नहीं कर पा रही हैं। इस स्थिति ने उनके लिए न केवल पोषण की गंभीर समस्या खड़ी कर दी है, बल्कि बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति भी चिंता का विषय बन गई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में सरकार एक सघन अभियान के तौर पर सभी के ई-केवायसी करा रही है। ई-केवायसी की प्रक्रिया आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी चल रही है। ई-केवायसी के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण आहर वितरण की प्रक्रिया में कुछ बदल किया है। इसके लिए पोषण ट्रैकर नाम से एक एप बनाया गया है। इस एप के जरिए न केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थित दर्ज हो रही है, बल्कि पोषण आहार भी इसी से वितरण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र से जब भी किसी हितग्राही को पोषण आहार का पैकेट देना होता है, पहले पोषण ट्रैकर पर उसका फेस कैप्चर करना पड़ता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बता रही हैं कि जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड में फोटो ज्यादा पुराने हैं, सॉटवेयर उनका फेस कैप्चर नहीं कर रहा है। उदाहरण के तौर पर किसी का सर्दी में टोपा लगे हुए फोटो आधार कार्ड में लगा है और अब उसका फोटो बिना टोपा के ऑनलाइन कैप्चर करना है तो वह नहीं होगा, जिसके चलते बहुत दिक्कत हो रही हैं। मैकप और बिना मैकप के फोटो भी पोषण ट्रैकर पर कैप्चर नहीं हो रहे हैं। यदि फोटो कैप्चर नहीं होंगे तो उन्हें टेक होम राशन नहीं मिल पाएगा। रोज अफसरों के पास ढेर शिकायत पहुंच रही हैं। बताया जाता है कि कुछ जगह तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण ट्रैकर पर फेस कैप्चर नहीं होने पर हितग्राहियों को वीडियो बनाकर पोषण आहार के पैकेट बांट रही हैं।

### जिले में 50 हजार से ज्यादा हितग्राही

जिले में एक हजार 415 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग इनसे करीब 51 हजार 569 हितग्राहियों को पोषण आहार बांटता है। बीते दो महीने से पोषण आहार वितरण में काफी दिक्कत हो रही है। हालांकि, विभाग ने यह अपडेशन पोषण आहार वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, पोषण आहर का दुरुपयोग रोकने के लिए किया है, लेकिन शुरुआती दौर में इससे कार्यकर्ताओं को काफी दिक्कत हो रही है। अफसर बात रहे हैं कि इस एप से यह सभी सुनिश्चित होगा कि पोषण आहार संबंधित व्यक्ति को ही मिल रहा है, अभी सॉटवेयर नया है, इस वजह से दिक्कत आ रही है। आगे जैसे-जैसे सॉटवेयर अपडेट होता जाएगा, समस्याएं दूर हो जाएंगी।

### सॉफ्टवेयर पर चल रहा काम

इस संबंध में पोषण ट्रेकर के जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी ज्ञानेश्वर खरे का कहना है कि पोषण ट्रेकर में ज्यादा कोई दिक्कत नहीं आ रही है। कुछ ऐसे लोग हैं, जिनके आधार कार्ड में बहुत पुराने फोटो लगे हैं, उनका फेस कैप्चर करने में दिक्कत हो रही है। सॉफ्टवेयर पर काम चल रहा है।

**बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की बैठक हुई आयोजित, मातहतों को दिए निर्देश**

# बारिश के दौरान जोखिमपूर्ण स्थानों पर नहीं जाने की कलेक्टर और एसपी ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बाढ़, जल भराव तथा जोखिमपूर्ण झरनों एवं पिकनिक स्थलों पर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयाजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने वर्षाकाल में होने वाली जनहानि को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने गत दिवस झोलियापुर तथा कोलार बांध में हुई दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस प्रकार की कोई जन हानि न हो। उन्होंने कहा कि पर्यटन के लिए आने वाले पर्यटकों को बांध, झारने, नदी, तालाब सहित सभी जोखिम पूर्ण स्थानों पर जाने से रोका जाये। उन्होंने आमरगढ़ वाटरफॉल, बुधनी मिडघाट क्षेत्र, कोलार बांध क्षेत्र, झोलियपुर बैराज, कालिया देव वाटरफॉल, नर्मदा तटीय सहित सभी जोखिमपूर्ण स्थलों में राजस्व, पुलिस, वन, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, पीडब्यूडी सहित संबधित विभागों के अधिकारियो को समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से पूरी गम्भीरता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य सभी अनुभाग स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

**बैरिकेड और संकेतक लगाएं, लोगों को रोके :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल में झरनों और सभी संभावित दुर्घटना वाले स्थानों पर बैरिकेड लगाकर पिकनिक मनाने आने वाले लोगों रोका जाए तथा चेतावनी वाले बोर्ड, संकेतक लगाए जाएं। उन्होंने पुलिस एवं संयुक्त टीम द्वारा ऐसे स्थानों पर लगातार गश्त करने तथा लोगों को संभावित खतरों के बारे में जानकारी देकर आगाह करने के निर्देश दिए गए।

**सुरक्षा साधनों की उपलब्धता :** बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और मैदानी अमले को आपदा में बचाव के लिये सभी उपकरणों, साधनों की मौके पर उपलब्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचार व्यवस्था क्रियाशील रखी जाए ताकि आपदा के समय तत्काल बचाव एवं राहत दल को सूचित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्यलय में निवास करने तथा बाढ़ आपदा एवं राहत के तहत जिन स्थानों पर ड्यटी लगाई गई है, उस स्थन पर पूरे समय उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

खबर संक्षेप




## नशा मुक्ति के लिए जिला जेल में हुआ कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** नशे से दूरी ज़रूरी अभियान के तहत आज बुधवार को बेथेल फॉर रेफ्यूज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिला जेल सीहोर में पंद्रह दिवसीय सेमिनार के आयोजन का आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के पहले दिन उपस्थितजनों द्वारा सभी जेल बंदियों को नशे से होने वाले शारीरिक, आत्मिक और भावनात्मक नुकसान के बारे में समझाया गया तथा उनको नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इस कार्यक्रम में जिला जेल उप अधीक्षक अक्षय कुमार, संस्था के संस्थापक रोबी मैथ्यू और बूसी रोबी सहित अनेक जेलकर्मी और बंदी जन उपस्थित रहे।

## एनसीडी व टाइप वन मधुमेह की रोकथाम के संबंध में हुई कार्यशाला



**सीहोर।** राष्ट्रीय असंचारी रोग (एनसीडी) की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा टाईप वन मधुमेह की स्क्रीनिंग के उन्मुखीकरण के लिए सीएमएचओ कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने सभी सीबीएमओ और चिकित्सा अधिकारियो को टाईप वन मधुमेह मरीजों की स्क्रीनिंग करने, छोटे बच्चों में टाईप वन मधुमेह की पहचान करने एवं समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## सीएससी दिवस का हुआ आयोजन

**सीहोर।** केंद्र सरकार के आईटी मंत्रालय द्वारा संचालित सीएससी विगत 16 वर्षो से ग्रामीण भारत में सभी शासकीय योजनाएं निशुल्क रूप से संचालित है। सीएससी की स्थापना के 16 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य बुधवार को सीएससी दिवस के रूप में पूरे भारत वर्ष में मनाया गया। इसी तारतम्य में सीएससी एकेडमी बिलकिसगंज को भी सीएससी दिवस पर सम्मानित किया गया। सीएससी एकेडमी द्वारा केंद्र सरकार की विभिन्न एजुकेशनल एवं ट्रेनिंग सर्विसेज में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने पर अकादमी को जिला ई गवर्नेंस प्रबंधन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सीएससी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएससी जिला प्रबंधक सुनील बामनिया, प्रतीक शर्मा, वीएलई अशोक मालवीय, वरिष्ठ समाजसेवी एमएस मेवाड़ा, जनप्रतिनिधि नर्मदा प्रसाद परमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रतीक शर्मा ने बताया कि सीएससी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत में केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक निःशुल्क उपलब्ध कराना है।

# पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा खाद, यूरिया को लेकर मारामारी, लगी लंबी-लंबी कतारें

**रेहटी।** कभी मौसम, कभी कर्ज, कभी आर्थिक संकट तो कभी फसलों को बेचने की किल्लतों से जूझते किसानों की परेशानी अब यूरिया खाद को लेकर है। उनके संकट दूर ही नहीं हो पा रहे हैं। सीहोर जिले सहित बुधनी विधानसभा में भी किसान यूरिया के लिए परेशान है। लंबी-लंबी लाईन में लगने के बाद भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल पा रहा है। यूरिया संकट के कारण उनकी फसलें भी खराब हो रही है। सहकारी समितियों में भी प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया दिया जा रहा है। ऐसे में किसानों की पूर्ति भी नहीं हो पा रही है। इधर बुधनी विधानसभा के रेहटी में भी यूरिया खाद को लेकर किसान आक्रोशित है।

गुरुवार को मंडी में खाद के वितरण को लेकर सूचना लगाई गई और जब किसान वहां पहुंचे तो उन्हें खाद ही नहीं मिली। किसान लंबी-लंबी लाईनें लगाकर खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। रेहटी मंडी पहुंचे कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कहा कि आखिर छोटे किसान ही क्यों खाद के लिए परेशान होते हैं? बड़े किसानों के पास कहां से खाद पहुंचता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा करके खाद वितरण केंद्र को खुलवाया और



उनसे मांग की गरीब किसान खाद के लिए परेशान है। उसे उनके हक का खाद पर्याप्त मात्रा में दिया जाए, क्योंकि अत्यधिक वर्षा के कारण फसलें खराब हो रही है। यदि उसे पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिला तो फसलें नष्ट हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि ये हाल केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की विधानसभा का है तो पूरे देश-प्रदेश के क्या हाल होंगे।



### भैरुंदा ब्लॉक स्तर पर बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षकों ने सीएम के नाम एसडीएम को अपनी मांगों का सौंपा ज्ञापन

# अतिथि शिक्षक बोले- अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित हैं हम पहले साधन पूरे करें, फिर ई-अटेंडेंस प्रक्रिया लागू करें

अनेकों शिक्षकों के पास एंड्राइड मोबाइल की सुविधाएं नहीं हैं। सभी अतिथि शिक्षकों को शासन स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने के नेतृत्व में गुरुवार ब्लाक स्तर पर भैरुंदा के अतिथि शिक्षकों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 8सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा शैक्षणिक सत्र 25,26 में अतिथि शिक्षकों का ई अटेंडेंस लगवाने के लिए आदेश जारी किया गया है। जो कि अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। ई अटेंडेंस का विरोध नहीं है। लगवाने से पहले सभी अतिथि शिक्षकों को लेपटॉप मोबाइल फोन सहित रिचार्ज की राशि प्रदान की जाएं। समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर निराकरण किया जाए।

अनेकों शिक्षकों के पास एंड्राइड मोबाइल की सुविधाएं नहीं हैं। सभी अतिथि शिक्षकों को शासन स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। हम कर्तव्य के प्रति समर्पित हैं ई अटेंडेंस प्रकिया का विरोध नहीं है। सभी अतिथि शिक्षकों हमारा हक मिले और सर्व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### अतिथि शिक्षकों ने अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

ब्लाक स्तर पर अतिथि शिक्षकों ने सीएम के नाम 8सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन दिया और उन्होंने बताया 80 प्रतिशत शिक्षकों के पास एंड्राइड मोबाइल की सुविधाएं नहीं हैं। उन्हें मोबाइल खरीदने के लिए कम से कम 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाए साथ ही प्रति माह 500 मोबाइल रिचार्ज की राशि शिक्षकों के खातों में डाली जाएं। अतिथि शिक्षकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है जो मोबाइल फोन और सिम रिचार्ज करने में सक्षम नहीं हैं। प्रति माह अतिथि शिक्षकों को मानदेय प्रदान किया जाएं। अतिथि शिक्षकों को मेडिकल प्रसव माता पिता आकस्मिक या अन्य प्रकार की समस्या पर अवकाश देने की सुविधाएं मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में अंचलों में नेटवर्क सुविधाएं नहीं है सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। तो वहीं सभी अतिथि शिक्षकों को वार्षिक अनुबंध कर उनके भविष्य सुरक्षित करने सभी को नियमित कर शासकीय कर्मचारियों के जैसे सुविधाओं मिल सके। जो अनुभवी अतिथि शिक्षक किसी कारणवश बाहर है उन्हें अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अलग से विद्यालय का चयन प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। सभी अतिथि शिक्षकों ने विरोध करने हुए बताया ई अटेंडेंस प्रकिया को लेकर मानसिक रूप परेशान हैं। प्रदेश सरकार से अपिल है सभी मांगों को लेकर तत्काल पूर्ण कर समस्याओं का समाधान करें। जिसके बाद ही ई अटेंडेंस लगवाने का आदेश जारी किया जाएं।

### अतिथि शिक्षक को मिले समान कार्य के लिए समान वेतन, नियमितीकरण

अतिथि-शिक्षक अतिथि शिक्षक ई अटेंडेंस तभी लगा पाएगा जब शासन द्वारा नियमित शिक्षकों की तर्ज पर सुविधाएं प्रदान की जाए अधिकांश अतिथि शिक्षकों के पास स्मार्टफोन नहीं है वह ई अटेंडेंस कैसे लगाएगा शासन को ₹20हजार की राशि अतिरिक्त भुगतान करें व अतिथि शिक्षकों को ना तो सीएल/ईएल,मातृत्व प्रसूति अवकाश मेडिकल,बीमा अन्य कोई भी सुविधा नहीं मिलती है मानदेय भी बेहद कम दिया जा रहा है उसमें भी कम से कम 50 प्रतिशत की वृद्धि करें जिससे अतिथि शिक्षकों का भरण पोषण परिवार की सुख सुविधाओं का ध्यान रखा जा सके जब अतिथि शिक्षकों को शासन नियमित शिक्षकों की तरह सारे नियम लगा रही है तो सुविधा भी उनकी तरह ही प्रदान करें साथ ही जो अतिथि शिक्षक अनुभवी है सालों से स्कूलों में पढ़ा रहे हैं उनके स्कोर कार्ड में प्रतिवर्ष 10 अंक अनुभव के जोड़े जाएं जिससे वह सीनियरिटी में आ सकें वह स्कूलों में प्राथमिकता के क्रम में रखकर अपनी नियुक्ति ले सकें व विभागीय परीक्षा लेकर नियमित करे। 80 प्रतिशत अतिथि शिक्षकों के पास मोबाईल की सुविधाएं नहीं हैं ई अटेंडेंस प्रकिया से सरकार इन सभी मांगों को जल्द पूरा करे। मांगे पूरी नहीं होने पर भोपाल की सड़कों पर बड़े स्तर पर आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### मांगों को जल्द ही पूरा किया जाएगा

शिक्षा विभाग में ई अटेंडेंस की लगाने की प्रक्रिया जारी की है। अतिथि शिक्षकों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ई अटेंडेंस के लिए मोबाइल फोन या लैपटॉप की सुविधा शासन स्तर पर उपलब्ध कराई जाए बारिश के समय ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की सुविधाएं नहीं। नदी नालों में पानी होने के कारण है समय से नहीं पहुंच पाते हैं। सभी मांगों को जल्द ही पूरा करने ज्ञापन सौंपा गया है।

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम, भैरुंदा

# सड़कों पर गोवंश, गोशालाओं में नहीं है व्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील मुख्यालय से लेकर गांवों की सड़कों पर घूमते गौवंश की समस्या एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न होती है, बल्कि पशुओं के लिए भी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण, बारिश के इस दौर में गौवंश सड़कों पर ही रहने को मजबूर है।

छीपानेर ग्राम पंचायत के झक्लाय की श्री कृष्ण धाम गौसेवा के नाम पर रोजाना हजारों रुपए की राशिद काटी जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत बेहद चिंता जनक है। छीपानेर से झल्लाय मार्ग पर स्थित गौशाला में करीब 250 गोवंश एक टीन शेड में नारकीय हालात में रह रहे हैं। न पानी की समुचित व्यवस्था, न चारे की नियमित आपूर्ति और न ही साफ-सफाई — पूरा परिसर कीचड़ और गंदगी से अटा पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, गौशाला संचालन के नाम पर रेत परिवहन करने वाले सैकड़ों वाहनों से रोजाना 100 रुपए प्रति वाहन की दर से रशिद काटी जा रही है, जिससे प्रतिदिन हजारों रुपए की आमदनी हो रही है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी राशि मिलने के बावजूद गौशाला में बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ये सब 'गौसेवा' के नाम पर सिर्फ एक दिखावा है, जबकि वास्तव में न तो गोवंश की देखभाल हो रही है और न ही उनके लिए कोई मानवतापूर्ण व्यवस्था है। बरसात में कीचड़ में फंसी गायें संक्रमण और बीमारियों का शिकार हो रही हैं। प्रशासन और पशुपालन विभाग को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएं।

साथ ही, गौमाता के संरक्षण के नाम पर हो रही अवैध वसूली को भी रोका जाएं। ग्राम पंचायत छीपानेर के सरपंच शशिराज सिंह चौहान से जानकारीलेने पर उन्होंने बताया कि निजी गौशाला होने के कारण शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं रेत के वाहनों से राशिद देकर पैसे की जानकारी निकाली जाएगी।

# छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान में नशामुक्ति का दिया संदेश

**भैरूंदा।** तहसील के गोपालपुर थाना पुलिस ने बुधवार को शा.उच्चतर माध्यमिक में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमे नशे से दुष्प्रभाव, हेल्प लाइन आदि के संबंध में जानकारी दी गई तथा शपथ दिलाई गई। साथ ही स्कूल के छात्र छात्राएं द्वारागोपालपुर बाज़ार में रैली निकल कर आमजन को पोस्टर, बैनर और स्लोगन के मध्यम से नशे के




दुष्प्रभावों के प्रति जागृत किया गया। कार्यक्रम में गोपालपुर थाना प्रभारी महेन्द्र गौर, ग्राम सरपंच, छात्र छात्राएं स्कूल के शिक्षकों स्टाफ, पुलिसकर्मी सहित ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत हुआ पौधरोपण, करेंगे पौधों का संरक्षण, ली शपथ

**सीहोर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरखेड़ा देवा एवं हसनपुर तिनोनिया के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान के मुख्य अतिथि विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर म. प्र. जन अभियान परिषद् के द्वारा शा. हाईस्कूल बरखेड़ा देवा एवं हसनपुर में 21 पौधों का पौधारोपण कर पौधों को जीवित रखने का संकल्प दिलाया गया, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसी के साथ हरियाली अमावस्या पर पांच द्विसीय कार्यक्रम के उपलक्ष्य में नवांकुर सखी के माध्यम से कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बीजरोपित पौधों को प्रदान किया जायेगा, इस कार्यक्रम के लिए नवांकुर सखी को पीले चावल देकर आमंत्रित किया। पौधारोपण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, रेखा शाक्य, बलराम सिसोदिया, देवकरण वर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेंद्र सिंह, मनीष सोनानिया, अभिलाष चंद्रवंशी, आराधाना शाहू, पूजा चौहान, राहुल गिरि, मेंटर जितेन्द्र परमार नवांकुर संस्था प्रभारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छतरी के अध्यक्ष राकेश शर्मा, ग्राम बरखेडा देवा समिति अध्यक्ष रामकिशन, ग्राम हसनपुर तिनोनिया समिति सचिव ह्रिदेश परमार एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### सभी व्यवस्थाएं सात दिन में ठीक कराए जाने का अल्टीमेटम, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

# डॉ. अंबेडकर महिला आईटीआई में अनियमितताओं के संबंध में अभाविप ने अपनी मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान हेतु सतत रूप से सक्रिय रहता है। इसी क्रम में अभाविप ने नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी के नेतृत्व में डॉक्टर अम्बेडकर महिला आईटीआई में छात्राओं को होने वाली परेशानियों तथा असुविधाओं को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर आईटीआई प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अभाविप ने छात्रावास के बाथरूम की अत्यंत खराब स्थिति और दरवाजे ना होने, आईटीआई का मुख्य गेट प्रायः बंद रहने और गेट पर गार्ड की तैनाती नहीं होने, छात्रावास में निवासरत



विद्यार्थियों को मेस में गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध ना कराए जाने, आई टी आई परिसर एवं छात्रावास में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी पसरी होने, शौचालयों की सफाई समय पर नहीं होने से मच्छर-मक्खी आदि पनपने से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य खराब होने, यहां स्थित गार्डन की नियमित सफाई न होने से विषैले जीव-जंतुओं का खतरा बने रहने, जिस महापुरुष के नाम पर यह महाविद्यालय स्थापित है, उनकी प्रतिमा महाविद्यालय परिसर में स्थापित किए जाने तथा महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी को शीघ्र दूर किए जाने की मांग आईटीआई प्राचार्य से की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी ने उपरोक्त सभी समस्याओं का निराकरण 7 दिवस के भीतर सुनिश्चित किए जाने की मांग आईटीआई प्राचार्य से की है, तत्पश्चात अभाविप उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आईटीआई प्राचार्य एवं इसके प्रबंधन की होगी।

## सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में बुधनी ने हासिल किया स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार



**बुधनी।** स्वच्छता के क्षेत्र में बुधनी नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया है गुरुवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नगर परिषद बुधनी को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया।उल्लेखनीय है कि हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में स्वच्छ शहरों वाले नगरीय निकायों को अलग-अलग श्रेणी में सम्मानित किया गया है इसे लेकर राजधानी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार वितरण किये इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह पुरस्कार ग्रहण किये वहीं नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने नगर परिषद बुधनी के लिए पुरस्कार ग्रहण किया नगर परिषद को यह पुरस्कार ₹सुपर स्वच्छ लीग₹श्रेणी में प्रदान किया गया है।

### अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल

# दस्तावेज गुम होना तो बहाना है आखिरकार घोटाले की सच्चाई छुपाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/बोडा

सीसीवी बैंक के अधीनस्त संचालित होने वाली बोडा सोसायटी के हाल बेहाल हैं यहां पर पिछले सालों में हुए गबन को छुपाने में सारा स्टॉफ एक हो गया हो है। हालात ऐसे हैं कि वर्तमान में जो बोडा सोसायटी के प्रभारी समिति प्रबंधक हैं उन्हें इस मामले के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उनका कहना है कि यह मामला उनके कार्यकाल से पूर्व का है और पूर्व के कोई भी दस्तावेज उनके पास नहीं हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बोडा सोसायटी में किस तरह से भ्रष्टाचार पसरा पड़ा है जिसे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी देखने वाला नहीं है। शिकायतों पर जांच तो होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।

ताजा मामला बोड़ा सोसायटी का है। बोड़ा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को 22 लाख 81 हजार 173 रुपए के गबन के मामले में कार्यवाही का नोटिस थमाया था। यह कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी और न ही वसूली हुई। जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दें कि बोड़ा संस्था की फाइल री ओपन कर बिन्दूवार जांच कराने की मांग की गई थी है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर पुनः जांच होती है, तो लगभग एक करोड़ रुपए का गबन का मामला सामने आ सकता है।

## तात्कालीन अधिकारी ने क्यों बंद की गई रिकवरी की फाइल


लाखों के घोटाले में आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर

अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल, फिर कैसे हो कार्रवाई

बोडा सोसायटी में वर्ष 2018-19 के मध्य गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये का गबन धोखाधड़ी कर संस्था का नुकसान पहुंचाया गया जिसका आरोप इन पर सिद्ध हुआ था। परंतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर डीआर सरोटिया के द्वारा 14 फरवरी 2023 को उक्त फाईल को बन्द कर दिया गया जिसमें इनके वेतन से कटोत्रा हो रहा था। उक्त फाइल को पुनः रिन्यूवल करवाकर संस्था की राशि 22 लाख 80 हजार 173 रुपए की वसूली संस्था प्रबंधक से कराई जाए।

### कोटरा और सूरजपोल के फसल बीमा की जांच में निकल सकता है करोड़ों का घोटाला

पूर्व में भी गोविंद प्रसाद शर्मा संस्था प्रबंधक के द्वारा बैंक शाखा नरसिंहगढ़ के अधिनस्थ संस्थाएं सुरजपोल एवं कोटरा में भी वर्ष 2016 से 2020 के मध्य में फसल बीमा खाद्य वितरण नगद वसूली सहायक केश बुक में हेरफेर एवं केश बुक में सीधा खर्चा डाला गया एवं बिना रसीद के राशि घटा दी गई है। यदि इनकी जांच की जाए तो यहां का गबन करीब एक करोड़ से उपर निकलेगी। संस्था बोड़ा की फाईल को रि ओपन कराई जाकर नरसिंहगढ़ शाखा स्थित संस्थाओं की वर्ष 2016 से 2020 तक की बिन्दुवार जांच करवाई जाए। इधर बोड़ा सोसायटी की जाँच के लिए टीम भी गठित हुई थी लेकिन जाँच फाइल बोड़ा थाने मामला दर्ज कराने तक पहुंची है लेकिन अभी तक बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा इस मामले में संस्था के तत्कालिन संस्था प्रबंधक पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

### इनका कहना है...

पूर्व का दस्तावेज अपने पास नहीं है। मैंने तो अभी 11 अप्रैल 25 को प्रभार लिया है।

**प्रेमसिंह, प्रभारी समिति प्रबंधक**

यदि डॉक्यूमेंट न मिलने की बात है तो मैं दिखवा लेता हूं कि उस समय के दस्तावेज या डाटा कैसे रिकवर किए जा सकते हैं।

**दिलीप सिंह चौहान, सीसीवी बैंक प्रभारी महाप्रबंधक**

हमारे पास एक बार आए थे तब हमने मूल दस्तावेज के साथ फाइल देने की बात कही थी तभी से अब तक कोई भी नहीं आया है तो फिर एफआईआर कैसे कर दें।

**धमेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी बोडा**

अभी पुनः समिति प्रबंधक को एफआईआर के लिए पत्र जारी किया गया है, जल्दी ही एफआईआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**लोकेन्द्र सिंह चंद्रावत**
शाखा प्रबंधक कृषि सहकारी संस्था बोडा

### जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए अहम निर्देश

# अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण न करें नगरीय निकायः कलेक्टर



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बुधवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में नए भू-खण्डों(प्लॉटों) का नामांतरण नहीं किया जाए। पुराने भू-खण्डों का पुनः विक्रय किया जा सकता है। उन्होंने नगरीय निकायों को हिदायत दी की अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण भी न करें।

बैठक में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस में दर्ज राजस्व न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों के निरकारण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित प्रकरणों में शीघ्रता से निर्णय हो। अपील के मामले अनावश्यक लंबित न रहे। दो से पांच साल पुराने राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि एक हफ्ते में राजस्व प्रकरणों की अच्छी प्रगति दृष्टिगोचर होनी चाहिए। उन्होंने नामांतरण के लंबित प्रकरणों पर भी असंतोष व्यक्त किया और कहा कि नामांतरण के मामले लंबित नहीं रहना चाहिए। साइबर तहसील में दर्ज प्रकरणों का भी गंभीरता से निराकरण करें।

### हिट एंड रन के मामले भी शीघ्रता से निपटाएं

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में किसी को असुविधा न हो। हिट एंड रन मामलों में शीघ्रता से प्रभावितों को राहत देने का कार्य किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी बेहतर प्रदर्शन के निर्देश राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम राजगढ़ रत्नेश श्रीवास्तव, ब्यावरा एसडीएम गीतांजली शर्मा, नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार सहित जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### हाट बाजार दिवस को सब्जी बेचने दशहरा मैदान है नियत

# नपा के नियम विरुद्ध हाट-बाजार में लग रहीं सब्जी की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर में हर बुधवार लगने वाले साप्ताहिक हाट के कारण नगर की पूरी यातायात सहित अन्य व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाया करती हैं। ऐसे करीब एक वर्ष पूर्व नगर पालिका ने निर्णय लिया था कि हाट बाजार दिवस बुधवार को सब्जी की समस्त दुकानें नवीन दशहरा मैदान पर ही लगाई जाएंगी। जो सब्जी विक्रेता इसका उल्लंघन करेगा उस पर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

नगर पालिका ने अपने बनाए हुए इस नियम का कुछ हफ्तों तक तो पालन किया वहीं हाट-बाजार में दुकानें लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं के चालान भी काटे गए। लेकिन, हालात अब फिर से पुराने ढर्रे पर लौट चुके हैं। बुधवार को साप्ताहिक हाट-बाजार में ही अनेकों सब्जी विक्रेता अपनी-अपनी दुकानें लगाकर बैठे रहे लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नजर नहीं आई।

### नियमों का पालन करने वालों का हो रहा नुकसान

नगर पालिका के नियमानुसार दशहरा मैदान पर अपनी दुकानें लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। दशहरा मैदान पर सब्जी के दुकानें लगाकर बैठे विक्रेताओं ने बताया कि जब लोगों को बाजार में ही सब्जियां मिल रही हैं तो उन्हें यहां खरीदने बहुत कम ग्राहक आ रहे हैं। नगर पालिका के नियमों के तहत दशहरा मैदान में सब्जी की दुकानें लगाने वाले विक्रेताओं ने मांग की है कि अगले हफ्ते से हाट-बाजार में दुकानें लगाने वालों पर कार्यवाही करें अन्यथा वे भी अपनी दुकानें मार्केट में ही लगाएंगे।

# पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को पशु चिकित्सालय, सारंगपुर में अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अनेक आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसमें पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे लक्ष्य अनुसार आवेदन बैंक में जमा कराएं एवं शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करें, गोशालाओं का निरीक्षण एवं टीकाकरण सप्ताह में दो बार क्षेत्र की गोशालाओं का भ्रमण कर टैगिंग और टीकाकरण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, निराश्रित गोवंश के लिए त्वरित चिकित्सा व्यवस्थारू सड़क, राजमार्ग या ग्राम पंचायत क्षेत्रों में दुर्घटनाग्रस्त गोवंश की सूचना मिलने पर तत्काल चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।

**वहीं गोवंश पुनर्वास :** सचिन सूर्यवंशी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को कालापीपल क्षेत्र के सरपंच से समन्वय कर देवनारायण मंदिर स्थित गोवंश को नजदीकी गोशाला में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। पशु औषधालय कडलावद की जर्जर अवस्था को देखते हुए संबंधित अधिकारी को पंचायत कार्यालय से कार्य संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन योजनाओं का प्रचार-प्रसाररू सभी संस्था प्रभारियों को अधिक से अधिक पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। वर्षा ऋतु में टीकाकरण अभियान- सभी ग्रामों में टीम गठित कर वर्षा पूर्व टीकाकरण अभियान चलाने पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान डॉ. अमित शाक्या (पशु चिकित्सा अधिकारी, सारंगपुर), निर्मल कासदे, डॉ. सुमेरा मिर्जा, सचिन सूर्यवंशी, नेमीचंद जाटव, प्रेम किशोर, सुरेश दांगी, नीरज नागर सहित विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण संपन्न



**शुजालपुर।** विधानसभा के गुलाना मध्य प्रदेश के प्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर संदीपनी स्कूल मैं मध्य प्रदेश के 15 जिलों से आए अधिकारी कर्मचारी एवं स्वयं सहायता समूह के रसोइयों को सांदीपनी स्कूल में मशीन के द्वारा भोजन कैसे बनाया जाए, इस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ एच एल वर्मा भोपाल जिले से सीमा सिंह राठौड़ क्वालिटी मॉनिटर अक्षय पात्र संस्था के प्रतिनिधि आईएचएम संस्था के प्रति निधि के द्वारा मशीन द्वारा भोजन कैसे बनाया जाए और विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान अमरदीप स्वयं सहायता समूह एवं साहेब कबीर स्वयं सहायता समूह के रसोइयों के द्वारा भी मशीनों से खाना किस प्रकार बनाया जाए का प्रयोग करते हुए दिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान शाजापुर जिले के दिनेश जी जावलकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य गोपाल शर्मा मोहन बड़ोदिया ब्लॉक के मध्यान भोजन प्रभारी दिलीप त्रिवेदी अशोक शर्मा मौजूद रहे।

# मंत्री टेटवाल ने किया 40 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**पचोर।** मंत्री गौतम टेटवाल ने बुधवार को नगर में 40 लाख से अधिक के सामुदायिक भवन, टीन शेड, सड़क निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। शुरुआत में वार्ड क्रमांक 1 में भगवान देवनारायण के दर्शन किए। भूमि पूजन के बाद ग्राम के प्रमुख लोगो से चर्चा की। इसके बाद वार्ड 5 में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके बाद भोजपुरिया हनुमान मंदिर में दर्शन कर कार्यों का अवलोकन किया। वार्ड 11 ,12,13 में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

इस मौके पर मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, कर्तव्य है, और यही मेरे प्रयासों की प्रेरणा है। हमारा संकल्प है कृ हर गली, हर मोहल्ले तक विकास पहुँचाना। विधानसभा क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, दामोदर लहरी, उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, पार्षद हेमराज गुर्जर, शक्ति पंवार, सुनीता गुर्जर, चेतना मुंदेरिया,



राधेश्याम गुर्जर, मनीष यादव, दीपक चौहान, सुदर्शन सोनी, कैलाश देशवाली, संदेश राजोरे, सीताराम लहरी, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का किया भूमिपूजन

वार्ड क्र. 01 बिलापुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (लागत 09.14 लाख रुपये) वार्ड क्र. 11 श्री कालाजी महाराज मंदिर परिसर में विधायक निधी से टीन शेड निर्माण कार्य (लागत 13.44 लाख रुपये)वार्ड क्र. 12 में श्री बड़ा मंदिर के पास में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (लागत 09.14 लाख रुपये) वार्ड क्र. 13 खटिक सामाज धर्मशाला के पास में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 09.14 लाख रुपये।

### 127 किमी की डाक कांवड़ यात्रा का किया आयोजन

# गो माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग को लेकर दौड़े कांवड़िए

**पचोर।** सावन के पवित्र महीने में गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर गो सेवकों द्वारा डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। समस्त गो सेवक के बैनर तले 48 युवा कांवड़ियों की टोली राम घाट उज्जैन से शिप्रा का जल लेकर दौड़ते हुए पचोर प्राचीन शिवालय पहुंचे। जहां भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया गया। -सुबह 7 बजे कांवड़यों का जत्था बाइक से घाट के लिए रवाना हुआ। शिप्रा से पवित्र जल 5 भरकर युवाओं ने दौड़ शुरू की। - यात्रा की खास बात यह रही कि - जल एक विशेष बांस से बनी कांवड़ में भरा गया,



जिससे उसे सुरक्षित और छलकने से रोका जा सके। पूरी यात्रा रिले प्रणाली पर आधारित रही-एक थकता तो दूसरा दौड़ पड़ता। इस तरह सभी ने 127किलोमीटर की दूरी बारी-बारी तय की।

**उत्साह से गूंजा मंदिर परिसरः** दोपहर करीब 2.30 बजे कांवड़िए प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष के बीच भोलेनाथ का शिप्रा के जल से अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल छा गया। भजन-कीर्तन हुए, प्रसाद वितरण हुआ और नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया।

### यात्रा के जरिए एकता और आस्था का संदेश

यह धार्मिक आयोजन युवाओं की एकता, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य नगर में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है, इसके साथ ही अपनी मांग की डाक भी भगवान को समर्पित डाक में लिखा गया कि यह कावड़ उज्जैन बाबा महाकाल से पचोर बाबा विश्वनाथ के लिए लाई जा रही है। शिप्रा मैया का जल भरकर लाया गया है। एक ही लक्ष्य है कि गो माता जो सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खा रही हैं, उन पर बाबा विश्वनाथ कृपा करें।

# ओडिशा में छात्रा से रेप, विदिशा में छात्रों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओडिशा के एक कॉलेज में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में मंगलवार को अभाविप विदिशा में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने ने कहा कि शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। संगठन ने एनएसयूआई पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। नेता शालिनी वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी प्रोफेसर समीर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कार्रवाई न होने पर छात्रा ने आत्मदाह कर लिया। आरोपी को तो फांसी होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएसयूआई पीड़िता का नहीं बल्कि आरोपी प्रोफेसर का समर्थन कर रही है। संगठन का कहना है कि जो लोग इस मामले को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, वे छात्रों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ खड़े हैं।

### पुलिस और अहिंसा वेलफेयर टीम ने संयुक्त रूप से किया आयोजन

# 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत स्कूली बच्चों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नशे से दूरी है जरूरी... संदेश के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी और पुलिस के संयुक्त प्रयास से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बरखेड़ा स्कूल में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया, वहीं ग्राम दुबली में दीवार लेखन से नशे के खिलाफ जन-जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। बरखेड़ा में हुए संवाद के दौरान किसी भी तरह के नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। बच्चों ने नशे को जीवन से दूर रखने का संकल्प लिया। इसी तरह ग्राम दुबली में पीस वॉलिंटियरों ने दीवार लेखन अभियान चलाया। गांव की सार्वजनिक जगहों, स्कूल के पास, चैराहों, चैपालों और प्रमुख गलियों की दीवारों पर नशा विरोधी स्लोगन लिखे गए। दीवार लेखन के जरिए शराब छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो, नशा एक रोग है, जागरुकता ही इलाज है जैसे स्लोगन लिखे गए जो न केवल राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि समाज को जागरुक भी कर रहे हैं।

### घर-घर जाकर किया जन संवाद

अभियान के दौरान वॉलिंटियरों ने गांव में घर-घर जाकर संवाद किया। खासकर किशोरों और युवाओं को मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई जो नशे की आदतों से हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशा केवल शराब या तंबाकू तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल लतें भी आज की युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रही हैं। गांव की महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इस अभियान की सराहना की। अभियान में अहिंसा टीम से मनीष दांगी, रजनी प्रजापति तथा पुलिस विभाग की तरफ से उप-निरीक्षक सुनीता भावर, दिनेश गुर्जर एवं नासिर खान ने सक्रिय सहभागिता की।

# पुलिस ने नशे की लत से दूर रहने की दिलाई शपथ



**खुजनेर।** नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में बच्चों को नशे से दूरी बनाने एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं थाना प्रभारी शिवचरण यादव द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों के बढ़ते उपयोग ने समाज के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हैं यह प्रवृत्ति न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि अपराधों को भी बढ़ावा देती है इस समस्या से निपटने और समाज में नशीले पदार्थों को कम करने के लिए एक, व्यापक प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गांजे शराब, ड्रग्स के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है।तथा मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना भी शामिल है। नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिवचरण यादव एएसआई मंगल छायल आरक्षक दिगपाल यादव प्राचार्य आशीष गुप्ता सहित स्कूल छात्र छात्राएं व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**खबर संक्षेप**

### स्वच्छता के लिए सफाई कर्मचारियों ने की कड़ी मेहनतः विधायक

**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका सीहोर के देश में नंबर 6 और प्रदेश में नंबर 1 पर आने पर नागरिकों नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना सीएमओ सुधीर कुमार, स्वच्छता सभापति पार्षद मुकेश मेवाड़ा और समस्त पार्षदों सफाई कर्मचारी दरोगा और पूरी टीम को बधाई शुभकामनाएं दी है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश में शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान शहर से लेकर गांव तक पहुंच चुका है। हर नागरिक अपने आसपास स्वच्छ और साफ वातावरण चाहता है नगर पालिका परिषद सफाई कर्मचारियो सहित पूरी टीम का इस बड़ी उपलब्धि प्राप्त करने में बड़ा योगदान रहा है। विधायक राय ने कहा कि शहर के नागरिकों के सहयोग के बिना इतनी बड़ी उपलब्धि मिलन काफी मुश्किल था शहर के सभी 35 वार्डों के सम्माननीय नागरिकों ने भी इसमें तन मन धन से सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कैटेगरी में बांटकर केंद्रीय टीम के द्वारा गोपनीय सर्वे कराकर पारदर्शिता के साथ स्वच्छ नगर शहर के लिए नंबर दिए जाते हैं।

### काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गये है। संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राएँ पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई 2025 को दिया जायेगा।

## सावन की शिवरात्रि पर करोड़ों घरों में किया जाएगा शिवलिंग का निर्माण

# छह सालों से सावन माह में ऑनलाइन किया जा रहा भव्य और दिव्य अनुष्ठान

### कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर एक बार फिर बनेगा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन मास में आगामी 23 जुलाई का आने वाली शिवरात्रि पर विश्व भर के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन अर्चन का आयोजन किया जाएगा। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने छत्तीसगढ के कोरबा में आयोजित शिव महापुराण के माध्यम से यह संदेश दिया गया था कि सावन के पवित्र मास में बुधवार को मासिक शिवरात्रि पावन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका रुद्राभिषेक किया जाएगा। सामूहिक रूप से किसी आराध्य की पूजा का तत्काल फल मिलता है। पूर्व में भी देश ही नहीं विश्व में भी श्रद्धालुओं के द्वारा करोड़ों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन किया गया था, इस साल उससे दूगना उत्साह दिखाई दे रहा है। हर रोज बड़ी संख्या में कावड लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर है और पूजा अर्चना कर रहे है। यहां पर नियमिति रूप से निशुल्क भोजन प्रसादी के अलावा शहर के अनेक स्थानों पर कांवड के श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क पेयजल, नश्ते और केले फलहारी की व्यवस्था की जा रही है। विठलेश सेवा समिति के द्वारा धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी बड़े पैमाने पर की गई है। समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि के द्वारा व्यवस्था की जा रही है।



समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शिव आराधकों के लिए महाशिवरात्रि का बड़ा महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि की मध्य रात्रि को ही भगवान शिवलिंग रूप में प्रकट हुए थे। माना जाता है कि इसी समय ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पहली बार शिवलिंग का पूजन किया गया था। परंतु एक वर्ष में एक महाशिवरात्रि और 11 शिवरात्रियां पड़ती हैं, जिन्हें मासिक शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। मासिक शिवरात्रि हर माह में एक बार आती है। इस तरह से 12 शिवरात्रि होती हैं। हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर शिवरात्रि मनाई जाती है, जिसे मासिक शिवरात्रि कहा जाता है। मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं और शास्त्रों के अनुसार देवी लक्ष्मी, सरस्वती, इंद्राणी, गायत्री, सावित्री, पार्वती और रति ने शिवरात्रि का व्रत किया था और शिव कृपा से अनंत फल प्राप्त किए थे।

पूर्व में पंडित श्री मिश्रा के एक आह्वान पर हर-हर महादेव, घर-घर महादेव की तर्ज पर देश ही नहीं विदेशों में बसे श्रद्धालुओं ने पूर्ण विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूर्ण रूप से जलाभिषेक किया गया था। इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ उक्त आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई बुधवार को चैनल पर लाइव, यू ट्यूब पर, फेसबुक पर लाइव रात्रि सात बजे से आठ बजे तक की जाएगी।

# महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा आज से शुरू

### 160 किलोमीटर की होगी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर से लगातार तीसरी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा शुक्रवार से महाकाल उज्जैन प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से सुबह नौ बजे आरंभ होगी जो शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

यात्रा में बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के शिव भक्त शामिल होंगे। शुक्रवार सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी। भगवान गणेश मंदिर, जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ कोठरी, आष्टा, जावर, देवास से होते हुए उज्जैन पहुंच जाएगी। महाकाल मंदिर में ध्जवारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा। पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य के द्वारा की जाएगी।

सात दिवसीय पदयात्रा का उद्देश्य जनकल्याण की भावना, क्षेत्र में समृद्धि, खुशहाली रहे और अच्छी बारिश के अलावा नवीन फसल की अच्छी कामना को लेकर की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री गेहलोत ने बताया कि जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध गणेश मंदिर देश के श्रद्धालुओं में प्रसिद्ध है, इसलिए इन मंदिरों से पदयात्रा का श्रीगणेश किया जा रहा है। सुबह विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक के साथ यात्रा करीब 160 किलोमीटर पदयात्रा करेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है। जो भी श्रद्धालुगण इस धार्मिक और पवित्र पदयात्रा में जाने का इच्छुक है वह शहर के गणेश मंदिर से आरंभ होने वाली इस भव्य यात्रा में शामिल हो सकता है।

# अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भीलखेड़ी सेक्टर कोठरी द्वारा ग्राम जाफराबाद में शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शीशम, पीपल ,नीम,के छायादार पौधों का रोपण किया गया कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जाफराबाद के अध्यक्ष दूल्लू सिंह जाटव शिक्षक विजय जयसवाल चंद्रशेखर, वीरेंद्र




सिंह पटवारी अरुण मेवाड़ा उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया। ग्रामीणों की संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीण पौधे लगाए, साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प ले।

# जावर मंडल कार्यकर्ताओं ने शिवालय में स्वच्छता अभियान चलाकर लगया बेल पत्र का पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व नरेश मेवाड़ा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जावर मंडल द्वारा स्थानीय शिवालय मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बेल पत्र का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस



अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, प्रेम सिंह महाकाल, धर्मेंद्र ठाकुर, राजू भावसार, राजेंद्र सेंधव, हरेंद्र विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, योगेश भावसार, तेज सिंह भाटी, गोविंदराम मालवीय, राहुल ठाकुर, प्रतीक भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, पवन मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मार्टिनेट स्कूल में चलाया जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत थाना पार्वती के निरीक्षक हरि सिंह परमार एवं मार्टिनेट विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और छात्र छात्राओ को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। थाना निरीक्षक ने कहा कि नशा जीवन का नाश कर देता है। इससे दूर रहकर ही जीवन को संवारा जा सकता है, साथ ही उन्होने बताया कि पुलिस लोगो को डराने के लिये नही बल्कि उनकी सुरक्षा और जनता के सहयोग के लिये है। इसलिये किसी भी विपत्ति की स्थिति में 100 नंबर डायल करके तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त करे। इसके बाद सभी विद्यार्थियों सहित उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। तथा सभी को 14446 नशा मुक्ति हेल्प लाईन नंबर की भी जानकारी दी। बालिकाओ को विशेष रूप से सतर्क और जागरूक रहने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर थाना पार्वती की टीम में उपनिरीक्षक सूरज नर्रे, आरक्षक शैलेन्द्र पटेल, नितिन वर्मा, गोपाल प्रजापति उपस्थित थे। साथ ही मार्टिनेट विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, एकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा, शिखा तिवारी वित्तीय प्रबंधक रेखा शर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर कुशल भूतिया, जुनेद अंसारी सहित शिक्षक अशोक महेश्वरी, पंकज ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, सुल्ताना अली, अंश अडगले, हेमंत पांडे आदि उपस्थित रहे। प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी द्वारा पुष्पमाला के साथ निरीक्षक महोदय हरि सिंह परमार का स्वागत किया गया। आयोजन का संचालन एवं आभार अतुल सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया।

### ई-अटेंडेंस का विरोध, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जावर।** ई-अटेंडेंस के विरोध में सड़क पर आया अतिथि शिक्षक जावर प्रदेश भर के शासकीय विद्यालयों में न्यूनतम मानदेय पर सेवा देने वाले अतिथि शिक्षक ई अटेंडेंस का विरोध किया है। अतिथि शिक्षकों की माने तो लोक शिक्षण संचनालय द्वारा एक पत्र जारी कर ई अटेंडेंस लगाना अनिवार्य कर दिया है। जबकि अतिथि शिक्षकों को 10 माह का वेतन दिया जाता है। अटेंडेंस के विरोध में अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि नियमित शिक्षकों की तरह हमें भी टैबलेट, 12 माह का सेवाकाल, चिकित्सा अवकाश और ऐच्छिक अवकाश दी जाए। तब हम पर भी नियम अनुसार ई अटेंडेंस लागू की जाए। हमारी मांगों पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी दिनों में अतिथि शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर संकुल केंद्र के समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

# खेड़ापुरा में धरना शुरू, बोले रोड नहीं तो वोट नहीं, चुनाव का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सीहोर जिले की जावर तहसील की पंचायत मेहतवाड़ा के खेड़ा पुर गांव रोड ना होने की वजह से पूरा गांव परेशान है कई वर्षों से लगातार जनप्रतिनिधियों को एवं अधिकारियों को आवेदन एवं ज्ञापन देते आ रहे हैं लेकिन उनका दुख कोई भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी दूर नहीं कर पा रहा है इससे दुखी होकर कुछ दिन पूर्व खेड़ा पुरा गांव के लोग क्षेत्रीय विधायक से भी मिले थे। जिन्होंने जल्द निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन सड़क बनाने को लेकिन आज तक गांव में किसी प्रकार की कोई सड़क नहीं



बन पाई है। बरसात के वक्त खेड़ा पूरा एक टापू की तरह बन जाता है पूरे गांव का संपर्क मुख्य नगरों से टूट जाता है ऐसे में कई बार बीमार बुजुर्गों को एवं गर्भवती महिलाओं को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार गांव के लोग चारपाई पर पीड़ित लोगों को लेकर गए हैं। पूरा गांव नेताओं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन देकर थक चुका है। इसलिए गांव के ही पुरुषों और महिलाओं ने गांव में ही धरना प्रारंभ कर दिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक रोड नहीं बनेगा तब तक किसी को भी वोट नहीं दिया जाएगा।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में तीन दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# आषाढ़ की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का हुआ अवतरणः महादेवानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नेशनल हाईवे स्थित आश्रम प्रांगण में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम दिवस वेदमन्त्र प्रवचन भजन, महाआरती व भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम व द्वितीय दिवस पौधरोपण के साथ ज्ञान प्रश्नोत्तरी, तृतीय दिवस सनातन धर्म, गुरुकुल आधारित बृह्मज्ञान की दीक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

आध्यात्मिक कार्यक्रम में महाराजश्री की कृपा से स्वामी महादेवानन्द एवं नई दिल्ली मुख्ययालय से साध्वी दिव्य योगा भारती को सेवा का सौभाग्य मिला। गुरुपूर्णिमा के पर्व के अवसर पर दिव्य गुरू आशुतोष महाराज जी दिव्य कृपा से स्वामी महादेवानन्द ने प्रवचन उद्गार में बताया कि शताब्दियों पूर्व आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का अवतरण हुआ था। वही वेदव्यास जी जिन्होंने वैदिक ऋचाओं का संकलन कर चार वेदों के रूप में वर्गीकरण किया था । 18 पुराण 18 उप- पुराण उपनिषद बृह्मसूत्र महाभारत आदि अतुलनीय ग्रन्थों को लेखनीबद्ध करने का श्रेय भी इन्हीं को जाता है। ऐसे महान गुरुदेव के ज्ञान सूर्य रश्मियों में जिन शिष्यों ने स्नान किया। उन्होंने अपने गुरूदेव के मंगलमय पुण्यमयी अवतरण दिवस को पूजन का दिन चुना। यही कारण है कि इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। प्राचीनकाल में गुरूपूर्णिमा के दिन गुरुकुल में प्रवेश मिलता था। इसी प्रवेश के दिन शिष्य




गुरू की शरण में जाकर ज्ञान-ज्योति की प्रार्थना करते थे । दूसरा गुरूपूर्णिमा की मंगल बेला में ही छात्रों को स्नातक उपाधि प्रदान की जाती थीं। यानि एडमिशन डे एवं कन्वोकेशन डे गुरूपूर्णिमा को ही हुआ करता था। वैज्ञानिक तथ्य भी है कि इस दिन अल्ट्रावॉयलेट रेज़ फैल जाती हैं। इसलिए शरीर और मन संतुलित हो जाता है। इससे भूख मन व नींद का बिखराव कम हो जाता है। ध्यान साधना के लिए उत्तम है। इस दिन योग्य शिष्यों को जीवन का परम ध्येय ईश्वर साक्षात्कार की दीक्षा भी दी जाती थी। वैज्ञानिक जगत ने विज्ञान के कई आविष्कार किये हैं । पर ईश्वर की खोज कभी नहीं कर पाया। ईश्वर साक्षात्कर भौतिक विज्ञान का विषय नहीं अध्यात्म विज्ञान का विषय है। इसके लिए ऋषि संत गुरू रूपी वैज्ञानिक चाहिए। ईश्वर मन बुद्धि वाणी इंद्रियों से परे है। जहाँ विज्ञान की सीमा का अंत होता है, वहाँ से ज्ञान का क्षेत्र शुरू होता है। जिस दिन शिष्य को गुरू द्वारा ईश्वर तत्व का साक्षात्कार करवाया जाता है। वह साधक हेतु वैज्ञानिक उत्कर्ष का दिन होता है। यह वैज्ञानिक परम्परा गुरुकुल व्यवस्था को जन्म देती है। जिसमें साधक शिष्यों को सनातन धर्म की पाठशाला में एडमिशन दिया जाता है। जिसकी साधना ध्यान से शरीर मन बुद्धि चैतन्य हो जाते हैं। धारणाएँ संदेह भृम शंका आशंकाएं सब दूर हो जाते हैं। शरीर मन बुद्धि में ओज, मन में विश्वास का उदय होता है। जो जीवन को सही दिशा की ओर लेकर जाता है। स्वामी रामतीर्थ गणित के प्रोफेसर थे। स्वामी विवेकानन्द जी विज्ञान के श्रेष्ठ विद्यार्थी थे। ठाकुर रामकृष्ण परमहंस जी की शरण में उन्हें आत्म-साक्षात्कार हुआ। कार्यक्रम में सुंदर भजनों के साथ सुंदर विचारों का समन्वय अद्भुत था। गुरुदेव के दिव्य पूजन व महाआरती में भक्तजनों के श्रद्धा भावना से नेत्र सजल हो उठे। दीक्षा ध्यान शिविर का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुदेव की दिव्य कृपा से जिज्ञासु भक्तजनों ने ईश्वर के अविनाशी दिव्य स्वरूप का तत्व रूप से हृदय में दर्शन कर आनन्दित हुए। कार्यक्रम के अंत में भंडारा प्रसाद प्रबंध व वितरण की सेवा बड़ी उत्सुकता से की गई। जिसके लिए द्वारकाप्रसाद पटेल ग्राम माना, नारायण सिंह मीना शिवधाम कॉलोनी, कैलाश चंद्रवंशी, संजय सिंह रामप्रकाश सिंह शिक्षक बन्धुओं की ओर से की गई। साजो श्रंगार की सेवा मुकेश दांगी, शकरन सिंह गोगी भैया की ओर से रही। उत्कृष्ट सेवाकार्य में चंद्रपाल राणा शिक्षक जगदीश मंत्रीजी बद्री मुनीम, चिकित्सक मनीष चन्द्रावत रामस्वरूप नेताजी, विष्णु प्रसाद पाटीदार ने भाग लिया। थान सिंह जी बमूलिया, किशोर भाई, हृदयेश पँचाल शिक्षक, रामस्वरूप नेताजी विष्णु पाटीदार, गोविंद सिंह यशराज, भैरूंदा व भोपाल, छीपानेर, लकुमड़ी, घिचलाय कुरावर मंडी श्यामपुर इत्यादि क्षेत्र से भक्तजन उत्तम सेवाकार्य में सहयोगी बने। प्रेमकिशोर मीणा सामाजिक नेतृत्वकर्ता सहित कई गणमान्य हस्तियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की हृदय से सराहना की। श्यामपुर स्थित आश्रम में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को दोपहर 1 से 4 बजे तक सतसंग भजन व ज्ञान प्रश्नोत्तरी और भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# विधायक गोपाल इंजीनियर को ग्रामीणों ने बताई गांव की समस्या




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

परोलिया से देवस्थान मालीपुर तक का रास्ता जिसमें कीचड़ होने के कारण वहां आने वाले श्रद्धालुओं स्कूल के बच्चे को बड़ी परेशानी होती है इसलिए जनसुनवाई में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को देव दरबार समिति मालीपुर और ग्रामवासी की तरफ से आवेदन दिया गया। जिसके दौरान विधायक ने परोलिया से मालीपुर के रास्ते पर दो डंपर चूड़ी भेजने का आश्वासन दिया और सचिव मानसिंह ठाकुर से भी बातचीत हुई कि आप मालीपुर का रास्ता देखकर उसको सही करवाइए। इसी दौरान सरपंच के द्वारा भी दो डंपर गिट्टी का बोला गया। जल्द ही विधायक ने यहां भी बताया है कि वह परोलिया से देवस्थान मालीपुर तक सीसी रोड का प्रस्ताव भी दिया गया है सभी लोगों ने विधायक से कहा है कि जल्दी से जल्दी इस पर सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू करवाइए। इस दौरान देव दरबार समिति राधेश्याम पडियार, विक्रम सिंह कप्तान, विक्रम सिंह ठाकुर, धूल सिंह पडियार, कमल सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, भंवर सिंह ठाकुर, राजा ठाकुर सरपंच, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, पंकज ठाकुर, सरदार सिंह, त्रिलोकसिंह ठाकुर, कृष्ण पाल ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, अंकित ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, श्रवण सिंह ठाकुर, राजपाल सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, देव दरबार समिति और ग्राम मालीपुर के सदस्य उपस्थित थे।